अधिशासी अभियंता
खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

पत्रांकः– 1192 / आर्म-3 / 90 दिनांकः– 23/05/26

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–ग्राम पंचायत कुतुबपुर पेयजल योजना पर दैनिक भास्कर के माध्यम से प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के माध्यम से प्राप्त शिकायत" **जल जीवन मिशन मे दो साल से पानी टंकी अधूरीः छिबरामऊ मे करोडो खर्च के बाद भी ग्रामीणो को नही मिला शुद्व पेयजल** " के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि विकास खण्ड सौरिख की कुतुबपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत बाउण्ड्रीवाल, पम्पहाउस का कार्य शतप्रतिशत एवं अवर जलाशय का कार्य स्लैब तक पूर्ण किया जा चुका है। गृह नल जल संयोजन 427 के सापेक्ष 427 नग कराये जा चुके है। सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण है। वर्तमान मे योजना से पम्प के माध्यम से डायरेक्ट नियमित रुप से जलापूर्ति की जा रही है।

मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा को आंवटित 128 नग योजनाओ के सापेक्ष 13 नग योजनाओ को पूर्ण कर अनुरक्षण एवं रख–रखाव मे ले जायी जा चुकी है । अवशेष योजनाओ से नियमित रुप से जलापूर्ति डायरेक्ट नलकूप से की जा रही है। शेष योजनाओ पर कार्य प्रगति पर है। मैसर्स जी0वी0पी0आर इंजीनियर्स हैदराबाद को आंवटित 188 नग योजनाओ के सापेक्ष 180 नग पेयजल योजनाओ का कार्य पूर्ण कर अनुरक्षण एवं रख–रखाव मे ले जायी जा चुकी है शेष योजनाओ से नियमित जलापूर्ति की जा रही है ।

भवदीय

(वी0पी0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनॉक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2–मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर।
3–अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

o/c

Scanned with OKEN Scanner